छत्तीसगढ़ में जाति प्रमाण पत्र समस्या... पृष्ठ 2
कोरकोटटी घटना का सच... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शुक्रवार, 12 जुलाई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 270, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# मुख्यमंत्री साय ने केन्द्रीय वित्त आयोग से मांगा छत्तीसगढ़ के लिए विशेष अनुदान

## कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण रेल, सड़क, दूरसंचार, परियोजनाओं की बढ़ जाती है लागत, नवा रायपुर में अधोसंरचना विकसित करने के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का आग्रह



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ के प्रवास पर आए 16वें वित्त आयोग के साथ बैठक में राज्य की विशेष परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ को विशेष अनुदान देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ नवोदित राज्य है, जो जनजातीय बहुल, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों से घिरा एवं माओवाद प्रभावित है। छत्तीसगढ़ को विकसित राज्यों की बराबरी में लाने के लिए अधिक वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होगी।

बैठक में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया, उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, वित्त आयोग के सदस्य श्री अजय नारायण झा, श्रीमती एन्नी जार्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्यकांति घोष, सचिव श्री रित्विक पांडे सहित दल के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं, साथ ही माओवाद पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इन क्षेत्रों में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अधोसंरचना विकास के कार्यों में अतिरिक्त व्यय भार आता है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्रीय वित्त आयोग से राज्य को अधिक वित्तीय सहायता की अनुशंसा की जाती है, तो निश्चित ही पिछड़े इलाकों में लोकहित के कार्यों को बड़े पैमाने पर किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि देश तेजी से आर्थिक महाशक्ति बन रहा है और इसके लिए छत्तीसगढ़ भी पूरी मेहनत से काम कर रहा है। विकसित भारत के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण हम करेंगे। हमारी अपेक्षा है केंद्रीय वित्त आयोग छत्तीसगढ़ के हमारे विजन को अमल में लाने के लिए अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कठिन भौगोलिक परिर्स्थितियों के कारण रेल, सड़क, दूरसंचार, ऊर्जा, सिंचाई की परियोजनाओं की लागत एवं समय-सीमा में वृद्धि के कारण हमें अतिरिक्त व्यय भार वहन करना पड़ रहा है। खनन गतिविधियों के कारण पर्यावरण को होने वाली क्षति और लोगों पर स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों से निपटने के लिए हमें अतिरिक्त धनराशि खर्च करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी खपत एवं गन्तव्य आधारित कर प्रणाली के कारण खनन गतिविधियों का वास्तविक लाभ छत्तीसगढ़ को न मिलकर उन राज्यों को मिल रहा है जहां खनिजों का वैल्यू-एडिशन हो रहा है और खनिजों की खपत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के समय मात्र 29 हजार 539 करोड़ रुपए की छोटी सी अर्थव्यवस्था के साथ इस राज्य ने शुरूआत की थी। वर्ष 2023-24 में राज्य 5 लाख 9 हजार करोड़ रुपए के जीएसडीपी के लक्ष्य को प्राप्त कर चुका है। आने वाले पांच वर्षों में हम जीएसडीपी के आकार को दोगुना करने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी योजनाएं जिनका संचालन केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के अंशदान से हो रहा है, उनमें केन्द्र सरकार से मिलने वाली राशि का अनुपात बढ़ाया जाए। केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द पनगढ़िया ने छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति की रफ्तार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश में तेजी से प्रगति हो रही है। नवा रायपुर को बहुत सुन्दर और व्यवस्थित तरीके से बसाया गया है। छत्तीसगढ़ बहुत ही सुन्दर राज्य है। विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में राजकोषीय स्थिरता के साथ आर्थिक वृद्धि एवं सामाजिक सूचकांकों में तेजी से सुधार हुआ है। छत्तीसगढ़ एक नवोदित एवं तेजी से बढ़ता राज्य है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के संबंध में कहा कि यहां का सबसे बड़ा संसाधन मानव शक्ति है। जिनको मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर के लिए स्किल्ड बनाना होगा। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने राज्य के वित्तीय



परिदृश्य पर प्रस्तुतीकरण देते हुए कहा कि नवा रायपुर को ग्रीन स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां अधोसंरचना विकास के लिए केन्द्र से और अधिक संसाधन मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ निर्धारित मापदंडों के अनुसार वित्तीय अनुशासन का पालन कर रहे हैं और आगे भी इसे जारी रखेंगे। कर प्रणाली में आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर लीकेज को समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने केन्द्रीय वित्त आयोग द्वारा केन्द्र और राज्यों के बीच करों के बटवारें के मापदंडों के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उप मुख्यमंत्रियों और मंत्रिगणों ने भी वित्त आयोग के समक्ष अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का आग्रह किये। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने स्वागत भाषण दिया। पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा ने पुलिस बल के लिए संसाधनों की आवश्यकताओं पर तथा एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने नवा रायपुर की परियोजनाओं के लिए संसाधनों की जरूरतों पर प्रस्तुतीकरण दिया।

## वाटर फिल्टर प्लांट की मांग

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत वासियों द्वारा नगर में शुद्ध पेयजल हेतु वाटर फिल्टर प्लांट निर्माण का मांग किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के अधिकांश वार्डो में बोर से पेयजल सीधा सप्लाई नागरिकों तक होता है बारिश के इस मौसम में कीटाणु पानी में पनपता है ।जिससे टाइफाइड, मलेरिया ,उल्टी दस्त ,पीलिया, पेट दर्द अन्य बीमारी को कीटाणु युक्त पानी के सेवन से नगरवासीयो को बीमारी पैदा हो रहा है। बोर का सफाई व कीटनाशक दवा का छिड़काव भी नगर पंचायत के वार्डों में कई वर्षों से नहीं हो रहा है । मच्छर का प्रकोप भी नगर में काफी बढ़ गया है मच्छर भगाने के फाकिंग मशीन भी नगर पंचायत में शोपीस बनकर रह गया है ।अस्पतालों में मरीजों की संख्या मे बेतहाशा वृद्धि हो रही है ।दूषित पानी पीने से नगर वासियों द्वारा वाटर फिल्टर निर्माण की मांग बहुत समय से किया जा रहा है परंतु उक्त मांग आज तक पूरा नहीं हो सका है । खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव 2022 में भी सत्ता पक्ष के प्रत्याशी द्वारा वाटर फिल्टर प्लांट की घोषणा भी घोषणा पत्र में की जा चुकी है। जिसे नगर वासियों ने अपना भरपूर समर्थन देकर भारी बहुमत से नगर मे जीत दिलवाए थे ।नगर पंचायत के जागरूक नागरिक एवं पत्रकार संजय शर्मा, अनिल यादव, दीपक देशमुख करण पाल ,आलोक यादव, प्रदीप श्रीवास्तव ,श्रीकांत महोबिया, विजय पाल मनोज कोचर, वरुण साहू आदि लोगों ने नगर में वाटर फिल्टर निर्माण हेतु सांसद श्री संतोष पांडे को शीघ्र ही एक ज्ञापन सौपेगा।

## वनविभाग सर्किल उमरवाही की ओर से संयुक्त वृक्षारोपण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वन है तो , जीवन है एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के चलते उमरवाही फॉरेस्ट सर्किल ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया, जिसमे धान खरीदी केंद्र , स्वास्थ विभाग परिसर, स्कूल परिसर सहित भिन्न स्थानों पर सैकड़ों पेड़ लगाए गए हैं पेड़ पौधे लगाने के बाद सभी पेड़ों को काटा तार जाली से सुरक्षा के घेरे लगाए गए हैं उक्त कार्यक्रम में भाजयुमो के जिला मंत्री अनंत तिवारी, लक्ष्मी सांखला, फॉरेस्ट विभाग से अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वास्थ विभाग के अधिकारी एवम कर्मचारी, स्कूल विभाग के स्टाफ सोसायटी के कर्मचारी सहित मुकेश भुआर्या, भागीरथी राणा, प्रभुराम यादव , नंदूराम,ठाकुराम नरेटी, सहित अन्य ग्रामीण एवं स्थानीय कर्मचारी उपस्थित थे।



# भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक के बावजूद दौड़ रही बड़ी गाड़ियां

## बड़े गड्ढे एवं कीचड़ से पैदल चलने लायक नहीं सड़क

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनी पक्की सड़क मार्ग घोरदा से नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली सड़क गड्ढे एवं कीचड़ से सराबोर हो गया है। भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक के बावजूद रोज सैकड़ो गाड़ियां लोड भरकर दौड़ रही है। ज्यादातर गड्ढे घोरदा से कविराज टोलागांव लगभग 1 किलोमीटर में देखने को मिलेगा। इस रोड पर अनेक फैक्ट्रियां हैं। दूसरी ओर स्टेट हाईवे से नेशनल हाईवे को जोड़ती है। दूसरे राज्यों के भारी माल वाहन रोजाना सड़क पर दौड़ती है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे एवं कीचड़ युक्त होने के कारण स्कूली बच्चे , राहगीर गिर रहे हैं। पक्की सड़क में गड्ढे होने से पैदल चलना मुश्किल हो गया है। गड्ढे एवं कीचड़ से लोगों को फिसलन से परेशानी हो रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 10 वर्ष पूर्व बनी घोरदा से कविराज टोलागांव एवं बनहरदी होते राष्ट्रीय राजमार्ग में जुड़ने वाली सड़क की काफी दुर्दशा हो गई है। शासन ने मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर दी है लेकिन भारी वाहनों के प्रतिबंध के बावजूद सड़क की हालत नहीं सुधरी है ।।



**इन ग्रामीण पक्की सड़क मार्ग पर लगी है भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक**

डोंगरगांव ब्लॉक के प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत घोरदा से नेशनल हाईवे लंबाई चार किलोमीटर रामपुर से बनभेदभेड़ी मार्ग 4 किलोमीटर एवं सिंगारपुर प्रवेश द्वार से मेढ़ा जाने वाली पक्की सड़क मार्ग पर जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद रोज सैकड़ो माल वाहक गाड़िया सड़क पर चल रही है। इससे सड़क पर जगह-जगह गड्ढे एवं सड़क उखड़ कर पूरी तरह गायब हो गई है। क्षेत्र के ग्ग्रामीणों लोकनाथ निषाद , बलीराम आदि ने बड़ी गाड़ियों पर रोक लगाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

## एसडीएमए एसडीओपी एवं थाना प्रभारी ग्राम भुरवाटोला में ली बैठक

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** अटल आवास भुरवाटोला वार्ड 20 स्थित डोंगरगढ़ में स्थित शासकीय भूमि को लेकर विगत दिनों से मोहल्ले वासियों के दो पक्षों के बीच में वाद. विवाद एवं धार्मिक तनाव का महौल बना हुआ था। जिस पर मोहल्ले वासियों के वाद. विवाद एव ' धार्मिक तनाव को बढ़ते हुये देखकर बुधवार को खेमलाल वर्मा एसडीएम डोंगरगढ़ए आशिष कुंजाम एसडीओपी डोंगरगढ़ एवं निरीक्षक जितेंद्र वर्मा थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा भुरवाटोला में शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में दो पक्षों के बीच शासकीय जमीन को लेकर उत्पन्न हुये विवाद के संबंध में आवश्यक चर्चा किया जिस पर बैठक में उपस्थित सभी लोगों के सर्वसम्मति से उक्त विवादित भूमि को नगर पालिका के सहयोग से सार्वजनिक उपयोग हेतु जैसे. खेल मैदानए ओपन जिम आदि उपयोग हेतु विकसित करने का निर्णय लिया गया एवं लोगों को आवश्यक दिशा. निर्देश देकर मोहल्ले में शांति व्यवस्था एवं धार्मिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की गई साथ ही शांति व्यवस्था एवं धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले व्यक्तियों पर शख्त कानुनी कार्यवाही करने की हिदायत दिया गया।



# इलेक्ट्रानिक दुकान में हुई चोरी का हुआ खुलासा, आदतन आरोपी गिरफ्तार

**अशबाब बरामद**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम आरी में गतिमान इलेक्ट्रॉनिक दुकान में हुई चोरी के आरोपियों को पकडने में पुलिस को सफलता मिली है। इस मामले में दो आरोपियों को पकड़ा गया है, जिनमें से एक ग्राम अर्जुनी में किराना दुकान में हुई चोरी में भी संलग्न बताया जाता है। आरोपियों के पास से लगभग 50 हजार का माल असबाब बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बीते 24 जून की अर्धरात्रि को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सूनेपन का फायदा उठाते ग्राम आरी में तालाब किनारे स्थित गतिमान इलेक्ट्रिकल एंड रिपेरिंग दुकान में लगे ताले को तोडक़र 30 नग सिलिंग फेन, 3 नग होम थियेटर, 2 नग स्पीकर बॉक्स, 4 नग एम्प्लीफायर, 20 नग डीटीएच केबल, 9 नग डीटीएच बॉक्स, 3 नग एलईडी टीवी, 9 नग किसान टार्च, 10 नग छोटा टार्च, 3 नग चार्जिंग पंखा, 50 नग लाईटर, 20 नग बैटरी सहित लाईट, पेचकस, मेगाफोन, फेनरॉड, कॉपर वॉयर, लूज वायर आदि की चोरी कर ली थी। चोरी गये सामान की अनुमानित कीमत प्रार्थी द्वारा लगभग 70 हजार रू. बताई गयी थी। चोरी की रिपोर्ट के बाद पुलिस द्वारा लगातार मुखबिरों के माध्यम से इस मामले में आरोपियों की पतासाजी कर रही थी। इस बीच सूचना मिली कि ग्राम तिलईरवार निवासी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी कुल इलेक्ट्रॉनिक सामानों को पक्कीटोला के किसी व्यक्ति के पास बिक्री किया है। जिसके बाद पुलिस ने खिलेन्द्र कुमार को पकडक़र उससे चोरी के संबंध में पूछताछ किया गया तो उसने अपने साथी सूरज कोसरे, राकेश निर्मलकर एवं राकेश साहू के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया, जिसका मौके पर मेमोरण्डम कथन दर्ज किया गया। साथ ही उसने वाहन क्र. सीजी 08 एआर 6420 में चोरी के इलेक्ट्रॉनिक सामानों को पक्कीटोला निवासी लक्ष्मीनारायण साहू के घर में ले जाकर बेचना बताया। जिसके बाद मंगलवार को लक्ष्मीनारायण साहू के घर में दबिश दी गई, परन्तु वह मौके पर उपलब्ध नहीं हुआ। तब उसके घर की तलाशी ली गई और गवाहों के समक्ष उनके घर से 16 नग सिलिंग फेन, 18 नग पंखा ब्लेड, 2 नग एलईडी टीवी, एक नग होम थियेटर, 2 नग स्पीकर बॉक्स, 3 नग एम्प्लीफायर, 9 नग रिचार्जेबल टार्च, 15 बंडल वायर, 9 नग थ्रीपिन एवं 13 डिजिटल केबल वायर बरामद किया गया।



## नवप्रवेशी को बैग, कॉपी और पेन्सिल वितरण किया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कन्या शाला पिनकापार के नवप्रवेशी बच्चों को शिक्षक माधव साहू द्वारा इस वर्ष भी नि:शुल्क स्कूल बैग, कॉपी व पेन्सिल वितरण किया गया ।बच्चों में शिक्षा एवं शाला में नियमित उपस्थित कर सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करने के लिए प्रतिवर्ष वितरण किया जाता है ।इस अवसर पर प्रधानपाठक विमला बोरकर, मीडिय स्कूल के प्रधानपाठक एस. के. नुनहारे , शिक्षक रोशन साहू ,नितेश लोनहारे, टी. साहू ,ए .के सेवता, दीप्ति महला उपस्थित थे।



# विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई वित्तीय समितियों की संयुक्त बैठक

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में वित्तीय समितियों की संयुक्त बैठक विधानसभा सचिवालय में हुई. बैठक में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि संसदीय समितियों का दायरा अत्यंत विस्तृत और व्यापक स्वरूप का होता है, इनकी इसी महत्ता के कारण संसदीय समितियों को लघु सदन की संज्ञा दी जाती है. अन्त: सत्र काल में विधायिका समितियों के माध्यम से ही कार्यपालिका पर नियंत्रण बनाए रखती है और इस सत्र में सभी वित्तीय समितियों के सभापति अनुभवी और संसदीय ज्ञान से परिपूर्ण हैं, जिससे कि उनके सुदीर्घ संसदीय ज्ञान और अनुभवों से हमारे सदन की वित्तीय समितियां लाभान्वित होंगी साथ ही परिणाम मूलक सिद्ध होंगी.

डॉ. रमन सिंह ने सभी वित्तीय समितियों के सभापतियों एवं सदस्यों को वर्ष 2024-25 के लिए सभापति एवं सदस्य चुने जाने पर बधाई दी. बैठक में लोक लेखा समिति के सभापति डॉ. चरणदास महंत, प्राक्कलन समिति के सभापति अजय चन्द्राकर, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति अमर अग्रवाल, स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति के सभापति धरमलाल कौशिक, प्रधान महालेखाकार यशवंत कुमार, वित्त विभाग के सचिव, संचालक, राज्य संपरीक्षा विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा और वित्त सचिव शारदा वर्मा एवं इन वित्तीय समितियों से संबंद्ध अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वित्तीय समितियों के महत्व और उनकी उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा कि संसदीय समितियां में वित्तीय समितियां का एक अपना अलग महत्व है क्योंकि यही वह समितियां होती हैं, जो विधानसभा द्वारा पारित बजट की राशि को विभिन्न शासकीय विभागों में किस तरह से व्यय किया जा रहा है इस पर नजर रखती हैं, उसकी समीक्षा करती हैं और समीक्षा से प्राप्त निष्कर्ष कार्यपालिका पर वित्तीय अनुशासन को बनाये रखने के लिए सुनिश्चित करती है. इसके बाद उन्होंने वित्तीय समितियों में लोक लेखा समिति को सबसे महत्वपूर्ण समितियों में से एक बताते हुए कहा कि इस समिति के माध्यम से भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन में प्रस्तुत आर्थिक अंकेक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा होती है और अगर इसमें अनियमितता सामने आती है तो उस आर्थिक अनियमितता से संबंधित सभी कंडिकाओं का मौखिक परिक्षण तथा शेष अन्य कंडिकाओं पर लिखित जानकारी के आधार पर लोक लेखा समिति परीक्षण करती है.वित्तीय संसदीय समितियों में प्राक्कलन समिति विभागों के प्राक्कलनों पर विचार तथा बजट एवं अनुदान की मांगों को विधानसभा द्वारा पारित करने के बाद कार्यपालिका की ओर से किए गए खर्च पर सभा का वित्तीय नियंत्रण बनाए रखने का कार्य करती है. इस दौरान प्राक्कलन समिति के सदस्यों से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विस्तृत चर्चा करते हुए उनके विचार भी प्राप्त किए. इसके उपरांत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति को एक और महत्वपूर्ण वित्तीय समिति बताते हुए कहा कि इस समिति के माध्यम से राज्य के विभिन्न निगम अथवा मंडलों के लेखों की जांच महालेखाकार की ओर से की जाती है तथा प्रतिवर्ष प्रतिवेदन तैयार कर विधानसभा में यथासमय प्रस्तुत किया जाता है. सभा में प्रस्तुत सार्वजनिक उपक्रमों से संबंधित महालेखाकार के प्रतिवेदन में ऑडिट आपत्तियों पर विभाग एवं सार्वजनिक उपक्रमों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यकतानुसार विभागीय सचिव का मौखिक साक्ष्य को लेकर प्रक्रिया को पूर्ण कर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है. स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के लेखों की जांच महालेखाकार की ओर से किए जाने के पश्चात् प्रतिवेदन विधानसभा में प्रस्तुत किया जाता है. उसी प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा की ओर से भी इन संस्थाओं के लेखों का परीक्षण किया जाकर प्रतिवेदन को विधानसभा में प्रस्तुत किया जाता है. इन प्रतिवेदनों का परीक्षण विधानसभा की स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति की ओर से किया जाकर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है. बैठक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अनुरोध करते हुए कहा कि वित्तीय समितियों के सभापति एवं सदस्यों को समिति की बैठकों के प्रति अपनी उपस्थिति के प्रति सदैव गंभीर रहना है क्योंकि बैठकों की निरंतरता और सभापति एवं सदस्यों की उपस्थिति ही समितियों की सार्थकता को सिद्ध कर सकेगी।



# छत्तीसगढ़ में जाति प्रमाण पत्र समस्या समाधान व सरलीकरण - लव कुमार रामटेके

## अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग जाति प्रमाण पत्र व छत्तीसगढ़ में आरक्षण के लिए 23 साल से भटक रहे है, स्कूल व कॉलेज के बच्चों को प्रवेश में हो रही परेशानी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन के संस्थापक लव कुमार रामटेके अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए हो रही दिक्कतों का लगातार प्रयास जारी है किंतु छत्तीसगढ़ शासन सहित प्रशासनिक अधिकारीगण जाति प्रमाण पत्र या सामाजिक पारिस्थितिक प्रमाण पत्र बनाने के लिए अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति से 1950 का लिखित रिकॉर्ड एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से 1984 का छत्तीसगढ़ का लिखित रिकॉर्ड मांग रहे हैं, जोकि बहुत हद तक दिया जाना संभव नहीं है.

इसके लिए हमें छत्तीसगढ़ के इतिहास को जानना भी जरूरी है 2 नवंबर 1861 को मध्य प्रांत का गठन हुआ इसकी राजधानी नागपुर थी मध्य प्रांत में छत्तीसगढ़ एक जिला था सन 1947 स्वतंत्रता प्राप्ति के समय छत्तीसगढ़ मध्य प्रांत और बर का हिस्सा था 1 में 1998 को मध्य प्रदेश विधानसभा में छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए शासकीय संकल्प पारित किया गया 25 जुलाई 2000 को लोकसभा में विधायक प्रस्तुत किया गया 31 जुलाई 2000 को विधेयक लोकसभा में में पारित किया गया और 1 नवंबर सन 2000 में भारतीय संविधान के अनुच्छेद तीन के तहत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई छत्तीसगढ़ देश का 26 व राज्य बना छत्तीसगढ़ का निर्माण मध्यप्रदेश के तीन संभाग रायपुर बिलासपुर एवं बस्तर के 16 जिलों 96 तहसीलों और 146 विकास करो से किया गया प्रदेश की राजधानी रायपुर को बनाया गया तथा बिलासपुर में उच्च न्यायालय की स्थापना की गई.

छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण 1 नवंबर 2000 को हुआ इसके पूर्व मध्य प्रदेश था और मध्य प्रदेश का निर्माण 1 नवंबर 1956 को हुआ था नए राज्य के निर्माण के पश्चात शासकीय कर्मचारियों के लिए कदर विभाजन का ऑप्शन निकल गया अर्थात कोई व्यक्ति यदि नए राज्य छत्तीसगढ़ में नहीं रहना चाहता तो वहां वापस अपने मूल राज्य छत्तीसगढ़ में जा सकता था किंतु मजदूर गरीब किसान व्यवसाय वकील डॉक्टर इंजीनियर के लिए ऐसा कोई भी ऑप्शन नहीं दिया गया ना ही कोई अधिसूचना निकल गई ऐसी स्थिति में जो लोग राज्य निर्माण के समय नए राज्य छत्तीसगढ़ की भौगोलिक सीमा में थी वह वहीं रह गए और स्थानीय रूप से बस गए



राष्ट्रपति का नोटिफिकेशन सर्वप्रथम अनुसूचित जाति के लिए 10 अगस्त 1950 को अनुसूचित जनजाति के लिए 6 सितंबर 1950 को वह अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 26 दिसंबर 1984 को जारी किया गया यहां यह भी स्पष्ट करना आवश्यक है कि सर्वप्रथम संविधान निर्माण के समय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को चीन अंकित किया गया, और 1950 में सूचीबद्ध किया गया. जब जब राज्यों का निर्माण होता गया तब तक राष्ट्रपति के द्वारा अधिसूचना जारी की गई जैसे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए राष्ट्रपति की अधिसूचना का मतलब यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में भारत के संविधान की अनुच्छेद 341 एवं अनुच्छेद 342 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा जारी तथा संसद द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित आदेश जिसे छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग सामाजिक स्थिति की प्रमाणीकरण का विनिमन नियम 2013 में परिभाषित किया गया है ऐसे ही छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग सामाजिक स्थिति की प्रमाणीकरण का विनिमन अधिनियम 2013 में अनुसूचित जाति सी अभिप्रेत है भारत की संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में अनुसूचित जाति इसी तरह अनुच्छेद 342 में अनुसूचित जनजाति को परिभाषित किया गया है. मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को आदेश 1950 संविधान में संशोधन के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के लिए जातियों की सूची जारी की गई है भारतीय संविधान में जहां हमें समानता का अधिकार दिया गया है वहीं संविधान का अनुच्छेद 15 धर्म मूल वंश जाति लिंग या जन्म स्थान के आधार पर विभेद करने की अनुमति नहीं देता है बावजूद इसके यदि किसी व्यक्ति को उसके मिलने वाले अधिकारों से सुविधाओं से वंचित किया जाता है तो यह सीधे तौर पर उसके अधिकारों का हनन होगा. प्रावधान के अनुसार जाति प्रमाण पत्र के लिए वर्ष 1950 के लिखित रिकॉर्ड की जरूरत नहीं है माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर देश की प्रत्येक राज्य में उच्च स्तरीय जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति का गठन किया गया है जिसका मुख्य कार्य फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी होने से रोकना है. जाति प्रमाण पत्र जारी करता सक्षम अधिकारी अथवा उच्च स्त्री छानबीन समिति द्वारा अनुसूचित जाति के लिए 10 8 1950 अनुसूचित जनजाति के लिए 6 9 1950 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 26 12 1984 की स्थिति में उसे राज्य के रिकॉर्ड की मांग की जाती है जहां उसे आरक्षण का लाभ लेना है उपरोक्त उल्लेखित वर्ष को जातियों की सूची प्रकाशित की गई है अर्थात जातियों को सूचीबद्ध किया गया है उक्त तिथि के बाद कई नए राज्यों का निर्माण हुआ है जिस तिथि को राज्य का निर्माण हुआ है उसे तिथि को आरक्षण का लाभ प्राप्त करने वाला व्यक्ति नए राज्य की भौगोलिक सीमा में निर्वस्त्र होना चाहिए तो उसे जाति एवं आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा.फर्जी जाति का सही मतलब यह है कि वे लोग जो अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के न होकर उनके लिए आरक्षित पदों पर फर्जी या गलत जाति प्रमाण पत्र बनाकर लाभ ले रहे हैं वे लोग फर्जी जाति की नहीं है जो छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की तिथि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य की भौगोलिक सेवा में निवासरत थी चाहे उनके पास 1950 या 1984 का लिखित रिकॉर्ड छत्तीसगढ़ का न होकर किसी अन्य राज्य का है हमारा मानना है कि उन्हें भी छत्तीसगढ़ में आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए जो छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की तिथि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य की भौगोलिक सीमा में निवासरत थे छत्तीसगढ़ शासन उच्च स्तरीय छानबीन समिति जो अब जिला स्तर पर भी है से जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले व्यक्ति की जाति का सत्यापन कर लें और छत्तीसगढ़ में निवास के आधार पर छत्तीसगढ़ पर जाति प्रमाण पत्र जारी कर उन्हें आरक्षण का लाभ दें।

## निगम जल्द सफाई व्यवस्था सुधारे, इसके लिए फैसले में देरी न हो - मोनू बहादुर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निगम की लचर व्यवस्था को लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि, 10 दिनों से शहर में सफाई व्यवस्था ठप्प पड़ी हुई है। इस स्थिति के लिए महापौर और एमआईसी भी जिम्मेदार है। 30 जून को सफाई ठेका खत्म होने के चलते 300 सफाई मजदूरों को काम से हटा दिया गया है। शहर में गंदगी बढ़ती जा रही है जिससे नागरिक परेशान हो रहे हैं। मोनू बहादुर ने कहा कि, इन सारी अव्यवस्थाओं से बचा जा सकता था। ऐसा तब नहीं होता जब महापौर परिषद समय पर फैसला लेती, समय पर उनकी बैठक होती.. एमआईसी को अपनी जिम्मेदारियां समझनी चाहिए थी। उन्होंने बैठक पूरे जून माह तक टालीं। इस महत्वपूर्ण काम में लेटलतीफी की गई। उस पर इस मामले में ये पहलू निकलकर सामने आना कि महापौर के निज सचिव ने एमआईसी के संकल्पपत्र से छेड़छाड़ की ये और भी संगीन है। इस मामले की शीघ्र जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि, अब यह विषय सिर्फ सफाई मजदूरों के रोजगार का ही नहीं बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था का भी है।



## हाईस्कूल जोशीलमती में प्रवेश उत्सव मना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शाला प्रवेश उत्सव हाईस्कूल जोशीलमती में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव में चित्रांगदा साहू, पंचराम साहू, धनंजय साहू व रामाधार साहू पंच ने पुस्तक के साथ पेन व कापी भेंट कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अशोवंतिन सोरी, व्याख्याता होरीलाल भुआर्य, व्याख्याता गैंदलाल कोलियारे व स्कूली बच्चे उपस्थित थे । यह जानकारी व्याख्याता चैनकुमार सोनवानी ने दी ।



## लायंस क्लब राजनंदगांव सिटी द्वारा जगन्नाथ रथ यात्रा का स्वागत

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी' लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा संस्कारधानी राजनांदगांव शहर में आयोजित जगन्नाथ रथ यात्रा शहर भ्रमण रैली स्वागत हर्षोल्लास के साथ कामठी लाइन में लायंस पंडाल लगाकर शीतल पेय एवं अल्पाहार वितरण कार्यक्रम उमंग एवं उत्साहपूर्वक की गई। इस सेवा कार्य प्रकल्प का आयोजन लायन उमेद जी कोठारी एवं लायन संतोष जी लोहिया के मार्गदर्शन में अध्यक्ष लायन तरनदीप सिंग अरोरा,कोषाध्यक्ष कमल किशोर साहू, लायन अशोक पवार,लायन राजेश जैन लायन मनोज गुप्ता,लायन शोभा चौरसिया,लायन नेहा गुप्ता, लायन नथमल कोटरिया,लायन राजेश नागवानी, लायन विजय कोटारिया, लायन सुरेश शर्मा,लायनअनीता जैन एवं लायन परिवार सदस्यों की सहभागिता सराहनीय रहा । लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के सचिव डॉ गिरीश श्रीवास्तव ने 'श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति' के प्रति कृतज्ञता एवं लायंस परिवार की उपस्थिति एवं सेवा कार्य के लिए आभार व्यक्त किया ।



## निधन

**श्याम दुलारी बख्शी**

**छुईखदान/राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अविभाजित राजनांदगांव जिले के छुईखदान निवासी श्रीमती श्याम दुलारी बख्शी का आज गुरुवार दोपहर छुईखदान स्थित उनके निवास में निधन हो गया। अपने समय के छुईखदान के प्रतिष्ठित पटवारी रहे स्वर्गीय नारायण लाल बख्शी की पत्नी श्याम दुलारी बख्शी 96 साल की थीं। स्वर्गीय श्याम दुलारी बख्शी खैरागढ़-छुईखदान क्षेत्र के रगरा के सरपंच रहे अनिल श्रीवास्तव, बिलासपुर के आलोक श्रीवास्तव, राजनांदगांव के अतुल श्रीवास्तव, बिलासपुर के आकाश श्रीवास्तव, बिलासपुर के अमित श्रीवास्तव, छुईखदान के अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव और हैदराबाद के शशांक श्रीवास्तव की नानी थीं।



**कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हालोरी**

**जनपद पंचायत व जिला राजनादगाँव (छ.ग )**

क्र. / - / ग्रा.पं./2023 दिनांक 21/06/2024

**निविदा आमंत्रण सुचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुम्हालोरी में जनपद पंचायत के 15 वित्त के द्वारा एक लाख रूपये सीमेंट कुर्सी कार्य के लिय क्रय किया जाना प्रस्तावित है सम्बंधित फर्म अपनी निविदा दरे बंद लिफाफे में निविदा प्रकाशन दिनांक से 05 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें ।

1. सीमेंट कुर्सी कार्य हेतु 1,00,000 (एक लाख रूपये)।

सरपंच
ग्राम पंचायत कुम्हालोरी

सचिव
ग्राम पंचायत कुम्हालोरी

## भू - दान की जमीन को शून्य घोषित करने की मांग मुख्यमंत्री से की, जनदर्शन में सीएम को सौपा ज्ञापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की राजनंदगांव तहसील अंतर्गत ग्राम अंजोरा के ग्रामीणों ने भू - दान की गई जमीन को शून्य घोषित करने की मांग करते हुए अंजोरा के जनपद सदस्य तुलदास साहू एवं ग्रामीणों ने गुरुवार को रायपुर सिविल लाइन पहुंचकर मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौपा है। इसके अलावा राजनांदगांव कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में गांव के जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर पत्र अंजोरा की भू - दान की गई जमीन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले से सांसद संतोष पांडे से भी शिकायत की गई थी। श्री पांडे ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था। सांसद के द्वारा वर्ष 2022 में निर्देश देने के दो साल बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की है। ग्रामीणों ने इस संम्बंध में महामहिम राज्यपाल के साथ उपमुख्यमंत्री द्वय के साथ राजस्व मंत्री से भी शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। विस्तृत जानकारी के अनुसार शासन द्वारा 572/3 रकबा 12.26 एकड़ भूमि को वर्ष 1969-70 मे नरेन्द्र बड़गूजी उर्फ कटार निवासी पचरी पारा दुर्ग को सरकारी पट्टेदार के रूप में दिया गया था। यह कि उक्त भूमि वर्ष 1979-80 मे राजस्व रिकार्ड मे पट्टेदार का नाम भूमिस्वामी दर्ज है। जिस संबंध में ग्राम वासियो द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जांच करने का प्रयास किया कि उक्त भूमि भूमिस्वामी किस वर्ष व किन आधार पर तथा किस प्रक्रिया के तहत हुआ या प्रक्रिया के पालन में चुक के संबंध में जानने' का प्रयास किया गया जिस पर पाया गया कि वर्ष 1963 से 1970 की नांमांतरण पंजी मे सरकारी पट्टेदार व्यक्ति द्वारा 1966-70 का लगान पटाने की अनुमति बावत् आवेदन 27 फरवरी 1970 को तहसीलदार के नाम से दिया गया जो कि संलग्न है। कि प्रमाणित प्रतिलिपि चाहा लेकिन तहसीलदार न्यायालय द्वारा अनुलब्धता की बात कहते हुये टाल दिया। जिस विषय मे माननीय कलेक्टर महोदय को ग्राम वासियो द्वारा आवेदन दिया गया जिस पर अभी तक कोई ठोस एवं न्यायोचित कार्यवाही नही किया गया। वर्तमान में उक्त भूमि अंजारा नेहरू नगर बाई बास रोड निर्माण होने से दो भाग में विभाजित हो गया है। नेहरु के पूर्व दिशा की ओर जो भुदान की जमीन के साथ शासकीय भूमि है उक्त खसरे की जमीन को मिलाई निवासी ओमप्रकाश सिंघानिया पिता द्वारकाजी सिंघानिया द्वारा खतरा नंबर 372/6 समतलीकरण कर बाउंडीवाल किया गया है सांथ सांथ शासकीय भूमि रकबा लगभग 1.5 एकड़ भूमि को कब्जा किया गया है। उक्त संबंध में कलेक्टर राजनांदगांव को वर्ष 2022 में ग्राम वासियो एवं क्षेत्रीय 7.नप्रतिनिधियो द्वारा संयुक्त आवेदन दिया गया था। आवेदन पर कार्यवाही करवाने हुये माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा टीम गठीत कर सिमांकन करवाया गया। सिमांकन में शासकीय भूमि कर चिन्हाळींत किया गया था। चिन्हांकीत करने के बाद भी आज पर्यन्त तक नहीं हटाया गया है। उक्त संबंध में क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे जी द्वारा भी कलेक्टर महोदय को पत्र लिखकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशीत किया गया है। उसके बावजुद भी कोई कार्यवाही नही किया गया है। कलेक्टर महोदय द्वारा गम वासियो को अश्वस्त किया कि ग्राम सभा का अनुमोदन प्रस्तुत करने पर भू - दान की जमीन को निरस्त करने हेतू अश्वासन दिया गया। अश्वासन के परिपालन में ग्राम सभा द्वारा कलेक्टर को ग्राम सभा का मोदन पस्ताव प्रस्तुत किया गया। अनेको बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया। महोदय जी से, निवेदन है कि उक्त जमीन की संपूर्ण दस्तावेज निकलवाकर बारीकी से छान बीन करवा कर दोषी व्यक्तियो के उपर उचित कार्यवाही करने हुये भुदान की जमीन को शुन्य घोषीत किया जाये। इस दौरान मुख्य रूप से अंजोरा के जनपद सदस्य तुलदास साहू, पंच हेमंत कुमार, पूर्व सरपंच शैलेश कुमार साहू, शांतीलाल साहू, पंच अनिता, लखनलाल, पंच उमा यादव, पंच गणेशिया साडू, भूषण दाष साहू, डेरहा राम सहित जनप्रतिनिधि एवं अंजोरा के समस्त ग्रामवासी ग्राम उपस्थित थे।





## नालंदा लाइब्रेरी रायपुर में डॉ. अमरोहित ने दिए पीएससी अभ्यार्थियों को टिप्स

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** - किसी भी लक्ष्य को तय कर जबरदस्ती नहीं, जबरदस्त मेहनत करने से ही मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है। विषयवस्तु को हल्के में नहीं, गहराई से अध्ययन करने से ही वर्तमान दौर में प्रतियोगी परीक्षाओं को क्रैक किया जा सकता है। उक्त बातें प्रतियोगी परीक्षा पुस्तकों के लेखक स्थानीय डोंगरगांव निवासी डॉ. गीतेश अमरोहित ने युवा अभ्यार्थियों को टिप्स देते हुए कही। छत्तीसगढ़ पीएससी एवं अन्य राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा अभ्यार्थियों के लिए राजधानी रायपुर में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेंट्रल लाइब्रेरी के सेमिनार हॉल में आयोजित इस सेमीनार में नालंदा लाइब्रेरी के अभ्यार्थी भी सम्मिलित हुए। सेमीनार का मुख्य उद्देश्य था पीएससी परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में आने वाली चुनौतियां एवं समाधान। छत्तीसगढ़ी भाषा मानकीरण समिति, छ.ग. शासन के सदस्य, वरिष्ठ छत्तीसगढ़ी साहित्यकार डॉ.अमरोहित ने युवा अभ्यार्थियों के जिज्ञासाओं और प्रश्नों का सहजता से जवाब देते हुए प्रतियोगी परीक्षा तैयारी संबंधी कई टिप्स दिए। डॉ. अमरोहित ने अनेक प्रेरक उदाहरणों और प्रसंगों से सफलता प्राप्ति के गुर बताते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य समर्पण और धैर्य मांगती है, इससे घबराना नहीं है। नालंदा लाइब्रेरी और सेंट्रल लाइब्रेरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. अमरोहित ने युवा अभ्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि हमें प्रयास करना चाहिए कि हमारे हुनर और आदत के आधार पर कैरियर का चुनाव करें।



## जिले में प्राथमिक प्रधान पाठक पदोन्नति हेतु डीपीसी समिति की बैठक आज

**राजनांदगांव/डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन राजनांदगांव के द्वारा सतत प्रयास के बाद जिले में प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पद्नति की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए श्रीमान जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल के द्वारा कल पद्नति हेतु जिला डीपीसी समिति की बैठक का आयोजन किया गया है उक्त बैठक में पद्नति हेतु पत्र सहायक शिक्षक एलबी की पद्नति प्रक्रिया को पूर्ण कर पद्नति की कार्यवाही चल की जाएगी छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा जिला सचिव जीवन वर्मा प्रदेश महासचिव शैलेंद्र कुमार यदु प्रदेश सह सचिव राकेश तिवारी कोषाध्यक्ष हंस कुमार मेश्राम जिला प्रवक्ता मनोज वर्मा जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र साहू जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव बृजेश वर्मा जिला महासचिव राजेश साहू संदीप साहू रतिराम कन्नौजे जिला महामंत्री महेश ऊके पूर्व जिला अध्यक्ष शरद शुक्ला आदित्य तिवारी पंचशीला सहारे राजकुमारी जैन नीरज बाला डोंगरे विद्यानंद डोंगरे संतोष कुमार टेमरे फ्लेश साहू चुम्मन देवांगन राजेश राजपूत प्रदीप वर्मा मनीष कुमार सोनी भोज राम धुर्वे बृजभूषण राजपूत मनीष पसीने दिनेश कुरेटी गिरीश हिरवानी अनिल शर्मा ने बताया कि राजनांदगांव जिले के प्राथमिक प्रधान पाठक हेतु लगभग 165 पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है ,संभवत कल 12/07/ 2024 को पदोन्नति हेतु डीपीसी समिति की बैठक में डीपीसी कर लिया जाएगा,कल नियुक्ति आदेश जारी कर दिए जाएंगे,साथ ही काउंसलिंग हेतु तिथि की भी घोषणा हो जाएगी, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला शिक्षा अधिकारी माननीय अभय जायसवाल जी व शाखा प्रभारी श्री महेश ठाकुर का धन्यवाद किया है पदोन्नति को गंभीरता से लिया और प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कर जिले सहायक शिक्षक को सौगात दिया।

**शुभांक**

**1-6-7**


**260-8 116-8**

**भाग्यांक**

**778-2 490-3**

## मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा मोहर्रम का पर्व

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सिकंदर गोरी बने समिति के अयक्ष, राजनांदगांव । प्राचीन काल और सियासत काल से लेकर आज अपनी परंपरा के अनुसार मुस्लिम तेली समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी करबला के शहीदों की याद में मोहर्रम के अवसर पर भव्य एवं आकर्षक ताजिया इस वर्ष भी निकाला जाएगा। मुस्लिम तेली समाज के शोहदाए करबला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सिकंदर गोरी ने बताया की मुस्लिम तेली समाज के आवश्यक बैठक में समाज के बुजुर्ग एवं नौजवान साथियों को लेकर समिति का गठन भी किया गया, जिसमें इस वर्ष होने वाले मोहर्रम पर्व की भव्यता को लेकर विचार-विमर्श कर अंतिम रूप दिया गया। जिसकी सुन्दरता को सजाया एवं सवारा है। इस वर्ष भी जुलुस की भव्यता को लेकर मुस्लिम तेली समाज द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। इस वर्ष मोहर्रम 17 जुलाई को दिन-बुधवार, दोपहर 3 बजे ताजिया ठेठवार पारा (तेलीपारा) से गौशाला पारा से मानव मंदिर, सिनेमा लाईन, भारत माता चौक, गंज लाईन स्थित मामा-भांजा मजार के पास पुन: वापस भारत माता चौक होते हुए सदर बाजार, बसंतपुर थाना, दुर्गा चौक होते हुए दिग्विजय कॉलेज के पास स्थित सैय्यद बाबा अटल शाह मजार में अंतिम कार्यक्रम होगा। इस वर्ष भी मोहर्रम का जुलूस जो रात्रि में निकाला जाता था। इस वर्ष भी नही निकाला जाएगा। इस वर्ष दिग्विजय कॉलेज मैदान में ही शहर का मशहुर हैदरी अखाड़ा साथ ही महाराष्ट्र नागपुर के मशहुर फनकार, गायक न्यू मयकश मटका पार्टी के हाजी खलील ताजी भाई की मटका पार्टी भी अपनी-अपनी आकर्षक प्रस्तुती देगी। मुस्लिम तेली समाज शोहदाए करबला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सिकंदर गोरी के अलावा हाजी इल्मुद्दीन गोरी, हाजी इदू झाड़ोदिया, हाजी गानी झाड़ोदिया, हाजी नजीरूद्दीन चौहान, हाजी ईशाक भाटी, हाजी लुकमान भिनसरा, आदिल झाड़ोदिया, हाजी सदरूद्दीन बडगुजर, इकरामुद्दीन सोलंकी, हाजी समीम बडगुजर, हाजी रज्जाक जिंदरान, हाजी रहमान सोलंकी, हाजी बशीर गोरी, नासीर जिंदरान, हाजी इल्मुद्दीन झाड़ोदिया, मैनुद्दीन चौहान, सलीम गोरी, हाजी इस्लामुद्दीन झाड़ोदिया, मंगलू सोलंकी, हाजी फिरोज, नासीर चौहान, सुल्तान चौहान, हाजी यासीन चौहान, सरफुद्दीन, जावेद गोरी, रफीक गोरी, शब्बीर चौहान, जावेद बडगुजर, कलीम गोरी, जावेद गोरी, अजीज गोरी, नत्थु गोरी, युसुफ गोरी, असगर सोलंकी, कालू भाटिया, राजू जिंदरान,अनवर कुलडिया, शेरू जिंदरान ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में दिग्विजय कॉलेज मैदान में करबला वालों की याद में निकाली जाने वाली मोहर्रम के जुलूस में शामिल होनी की अपील की है।





## शिवनाथ नदी तट मोहरा शिव मंदिर में वृहद वृक्षारोपण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रणाम। सन टू ह्यूमन फाउंडेशन राजनांदगांव द्वारा शिवनाथ नदी तट मोहरा शिव मंदिर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न फलदार, छायादार, औषधिय वृक्षों तथा अन्य लाभकारी पौधों के 31 प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। सन टू ह्यूमन ने कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत गौतम ओस्तवाल, ज्ञानेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र काकरिया, राजू पारख, डॉ. डीसी जैन, प्रकाश देवांगन, हरीशंकर झार राय, हरजीत भाटिया, शंभूनाथ बावरिया, प्रतीक अग्रवाल, का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के रामनिवास गुप्ता, मनीष जैन, डॉ नरेंद्र नाहटा, रेख चंद जैन, कुशल साहू, मुकेश मोटवानी, विनोद श्रीरंगे, सुमित बावरिया, राजू डागा, सुनील साहू, धर्मेंद्र साहू, गोपाल गुप्ता, परेश वर्मा, शरद गुप्ता, अनिल जैन, नवीन गुप्ता, बुद्धसेन जैन, पार्षद अवधेश प्रजापति, खिलेश्वर निषाद, अमित साहू, देवेश ठाकुर, चंद्र भान पुंडे, अजय लोहिया, सुनीता लोहिया, तथा योग ध्यान सेवा समिति के मंजुला तिवारी, प्रतिमा चौधरी, राजीव यादव अजातशत्रु, मीना देवांगन, राधिका खंडेलवाल, रूपेंद्र शर्मा, राम प्रजापति, अजय ठाकुर, खिलेश्वर निषाद, सहित बहुत से वार्ड वासी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202405090100016/-21(1)**

विषयः- अ-21 (1)
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
सेवताटोला (प ह न. 00024),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार -धनेश्वर एवं अन्य 11
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण धनेश्वर आ. घनश्याम एवं अन्य 11, जाति गोड़, निवासी ग्राम सेवताटोला, डोंगरगांव द्वारा स्वयं के संयुक्त नाम व स्वामित्व की ग्राम सेवताटोला, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. डोंगरगांव, तहसील डोंगरगांव स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 56/3 रकबा 1.86 एकड़ (0.7530 हे.) भूमि को मकान निर्माण एवं विवाह कराने हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/07/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/06/2024 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार डोंगरगांव

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202407090200024**

विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
जरहामहका प.ह.न. 00021 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार हरीराम
अनावेदक पक्षकार -छ0 ग0 शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीराम पिता भुनूराम जाति महार निवासी जरहामहका तहसील - छुरिया, जिला - राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के भाई बेदराम पिता भुनूराम की मृत्यु दिनांक 06.06.2009 को हुआ है जिसके मृत्यु का पंजीयन आवेदक भूलवश नहीं करा पाया है जिसके फलस्वरूप आवेदक द्वारा अपने भाई बेदराम के मृत्यु दिनांक 06.06.2009 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, दाह संस्कार प्रमाण पत्र, व आधार कार्ड की छायाप्रति, पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 22-07-2024 को स्वयं वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/07/2024 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार छुरिया

## ज्ञान मंथन

*1) फर्जी एसएमएस से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग ने 29 मई, 2024 को कौन-सी पहल शुरू की?*
*2) किस निजी बैंक ने लक्षद्वीप में अपनी पहली शाखा स्थापित की हैं?*
*3) स्टार्टअप महाकुंभ 2024 का केन्द्रीय विषय क्या है?*
*4) किस युद्ध से भारत में मुस्लिम शक्ति की स्थापना हुई?*
*5) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) संचार साथी पहल (2) एचडीएफसी (3) भारत इनोवेट्स (4) तराइन का द्वितीय युद्ध (5) डॉ.बी.एन.गंगाधर

# कोरकोटटी घटना का सच , आँखो देखी घटना ...



**कमलेश सिमनकर**

**राजनांदगाँव।** पूरे प्रदेश को हिलाकर रख देनी वाली नक्सलवादी घटना का सच ,प्रदेश की पहली नक्सलवादी घटना थी जिसमें हमने तात्कालीन एसपी शहीद श्री विनोद चौबे जी सहित 29 जवानों को खोया था, 12 जुलाई 2009 का सुबह 7 बजे से 10 बजे तक का वह मंजर भुलाए नही भूल पाता हूँ, उस घटना क्रम का हिस्सा मैं रह चुका हूं, क्षत- विक्षत जवानों के शव देखकर पूरा शरीर सिहर उठा था।

उन दिनों मैं रायपुर के एक दैनिक अखबार का संवाददाता हुआ करता था, साथ ही मेरे वरिष्ठ और पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी सम्मानीय पत्रकार अतुल श्रीवास्तव जो एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता थे, उनके साथ जुड़कर उनके लिए मैं कैमरा ऑपरेट करता था, उन दिनों, एनराइड मोबाइल नही होने के कारण वीडियों कैमरे और डीवी का उपयोग किया जाता था।12 जुलाई 2009 को सुबह 7.30 बजे अतुल भाई का मुझे फोन आया, की मदनवाड़ा में कुछ बडी घटना हो गई है, हमे तुरन्त निकलना है, महज 10 मिनट में मैं अपने कैमरे के साथ तैयार हो गया, अतुल भाई ने एक सूमो वाहन किराए से बुला लिया था, लगभग हम 8.00 बजे हम मानपुर के लिए निकल पड़े थे, रास्ते मे खबर आ रही थी कि नक्सलियों ने मानपुर और कोहका के बीच आधे किलोमीटर का एम्बूस लगा रखा है, हम पूरे घटनाक्रम को कवर करने के लिए बिना रास्ते मे रुके सीधे मौके पर पहुंचना चाह रहे थे, करीब 9.20 बजे के आसपास हम मानपुर पहुंच गए, हमे आगे जाने से रोक दिया गया, अतुल भाई सूमो में बैठे मानपुर रेस्ट हाउस के पर के लेफ्टाफ़ से विजुअल भेजने का काम कर रहे थे, और मैं, मोटरसायकल से स्थानीय पत्रकार के साथ छुपकर लगातार हो रहे फायरिंग को कैमरे में



सूट करने निकल पड़ता था।कोटकोटटी से कोहका तक का मार्ग आधे कटे पेड़ों से बंद हो चुका था, हमे जो जानकारी मिल रही थी उससे पता चला कि नक्सलियों ने पहले मदनवाड़ा में शौच के लिए गए, दो जवानों को गोली मारी थी, जिससे वे शहीद हो गए थे, इस प्रकार से पुलिस को अपने एम्बुश में फसाने की यह चाल थी, घटना के एसपी चौबे जी भी मौके के लिए तत्काल निकल पड़े थे, चौबे सहाब और हमारे बीच की दूरी महज 30 घण्टे की ही होगी, हमे बताया गया था, की चौबे सहाब एक बार कोरकोटटी से कोहका के बीच लगे नक्सलियों के एम्बुश से वापस आ चुके है, तब उनके ड्राइवर के पैर में गोली लगी थी, लेकिन उस के के तात्कालीन आईजी मुकेश गुप्ता द्वारा फिर से उन्हें जाने कहा गया था। उस समय मानपुर क्षेत्र में पैरामिल्ट्री फोर्स सीआरपीएफ तैनात थी, और उसके कमांडेंड रणवीर सिंह थे ,जिन्होंने अपना हेड क्वाटर राजनांदगाँव मुख्यालय में बना रखा था, बताते है, की बैक स्पोर्ट के लिए बार- बार सीआरपीएफ के जवानों की मांग की जा रही थी, जवान जाने के लिए तैयार भी थे पर कमांडेंड का आदेश नही मिला। सूट के दौरान मैंने देखा एक एंटीलेण्डमाइन्स वाहन और एक ट्रक एम्बुश में फंसा हुआ है, नक्सलियों ने पूरा प्लान कई महीनों से तैयार कर करके रखा था, घटना के तीन दिन पहले उन्होंने एम्बुश तैयार किया, वहां जहां कोरकोटटी और कोहका के बीच सड़क किनारे की बड़ी चटाने थी, और बीएसएनएल द्वारा केबल बिछाने के लिए नालियां खोद रखी थी, चट्टानों और नालियों को नक्सलियों ने गोरिल्ला वार की तर्ज पर उपयोग किया।

कोरकोटटी और कोहका के बीच सड़क किनारे लगे पेड़ों का नक्सलियों ने आधा-आधा काट रखा था, जैसे ही पुलिस पार्टी जो मोटरसायकल में सवार होकर अम्बागढ़ चौकी और मोहला से घटना स्थल पर पहुंची थी,नक्सलियों ने कोहका के समीप सड़क के बीचों- बीच लगे, बम को विस्फोट कर दिया, जिसके कम्प्न से सड़क पर आधे कटे पेड़ गिर गए और रास्ता ब्लॉक हो गया, और पुलिस की मोटसायकल पार्टी नक्सलियों के एम्बुश में फंस गई, नक्सलियों ने जवानों पर अंधाधुन फायरिग कर दी। एक भी जवान जीवित नही बच पाया, वही एंटीलेण्डमाइन्स में आईजी मुकेश गुप्ता और कुछ जवान दुबक गए थे, घटना को देख उनकी निकले की हिम्मत नही हो पाई। लगभग 11.30 और 12 बजे के बीच जब नक्सली घटना को अंजाम देकर लौट गए तब आईजी मुकेश गुप्ता द्वारा एसपी विनोद चौबे जी के शहीद होने की पुष्टि की।

लगभग 5 घण्टे चले इस मुठभेड़ में हमने तात्कालीन एसपी विनोद चौबे सहित 29 जवानों को खोया।

**आउट ऑफटर्न प्रोमेशन**

पूरे घटनाक्रम के दौरान जो पुलिस के जवान और अधिकारी मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने केवल शहीदों के शवों को ट्रक्टर में डालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में छोड़ा उन्हें, छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा आउट ऑफटर्न प्रमोशन दिया गया। जहां इस मुठभेड़ में हमने 29 जवानों को खोया वहीं इतने बड़े घटनाक्रम में पुलिस ने एक भी नक्सली का शव बरामद नही किया, फिर इन जवानों को आउट ऑफटर्न प्रमोशन किस हिसाब से दिया गया? शायद इसलिए कि घटना की सच्चाई मौके पर मौजूद जवान बाहर लीक न कर दे। उन दिनों प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, और गृह मंत्री ननकीराम कंवर थे, घटना के दूसरे दिन देर शाम गृहमंत्री मानपुर के लिए रवाना हुए, लेकिन उनकी



यात्रा केवल औपचारिक ही रही, क्योकि वे मानपुर के रेस्ट हाउस में काजू और किसमिस खाकर लौट आये थे। सामने विधानसभा सत्र शुरू होने वाला था विपक्ष कहीं सवाल ना खड़े करें, इसलिए उस समय के मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह घटना के एक सप्ताह बाद सत्र शुरू होने के दो दिन पहले पहुंचे। मौके पर मैं भी मौजूद था, मैंने देखा, सीएम रमन सिंह को पूरी जानकारी सीआरपीएफ के कमांडेंड रणवीर सिंह दे रहे थे, जो उस पूरे घटनाक्रम में दूर-दूर नही थे, और ना ही रणवीर सिंह ने मानपुर में तैनात सीआरपीएफ़ के जवानों को बेक सपोर्ट के लिए भेजा।

**शहीद स्मारक -**

मुझे इस बात का अहसास तो था ही, किस इतनी बड़ी घटना के एक भी नक्सली ना मारा गया हो ऐसा हो नही सकता।15 अगस्त को नक्सली मोहल्ला और मानपुर क्षेत्र में काला झंडा फहराने की खबर मुझे मिली थी, मैं और अतुल भाई हम दोनों 14 अगस्त को ही रात में मोहला- मानपुर के लिए निकल पड़े थे, दूसरे दिन सुबह हम पेंदोडी, परवीडीह होते मानपुर जा रहे थे, तभी अचानक हमारी नजर परवीडीह के ऊंचे टीले पर पड़ी, हमने देखा वहां नक्सलियों ने एक शहीद स्मारक बनाकर रखा है, उस स्थान पर बॉस की बनी 5-6 चटाई रखी हुई थी,और इस्मारक के आसपास इत्र की महक आ रही थी, इस्माकर भी नया बना ही लग रहा था, मुझे भांपने में थोड़ा भी समय नही कि हो ना हो कोरकोटटी मामले में जो नक्सली मारे गए होंगे नक्सली उन्हें यहां दफनाए होगें। खैर घटना को 15 साल होने जा रहे है, पूरे प्रदेश की पहली बड़ी घटना थी। सभी शहीद जवानों की शहादाद के लिए आज भी आँखे नम है।

## माँ बेटे की दर्दनाक हत्या, दूसरा बेटा गंभीर

**जगदलपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के अनुपमा चौक के पास एक बड़ी वारदात हो गई है. जिसमें अज्ञात लोगों ने एक घर में घुस कर महिला गायत्री गुप्ता और उनके पुत्र नीलेश गुप्ता की निर्मम हत्या कर दी. वहीं उनका दूसरा पुत्र गंभीर रूप से घायल है. पुलिस ने मौके घायल को उपचार के लिए महारानी अस्पताल भिजवाया. घटना के बाद से शहर में दहशत का माहौल है. घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा स्वयं घटना स्थल पर पहुंच गए हैं और मामले की जांच कर रहे हैं. नगर के बीचों बीच इस जघन्य वारदात से नगर में सनसनी फैल गई है. कानून व्यवस्था पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।फिलहाल पुलिस मामले की सघन जांच कर रही है.



## जोशीलमती सोसाइटी में विशेष आमसभा का आयोजन

**गैदाटोला ( नांदगांव टाइम्स )।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जोशीलमती में विशेष आमसभा का आयोजन किया गया



जिसमें पूरे 11 गांव जोशीलमती, कोलिहालमती, कोलियरी, खोरा टोला, गर्रापार, मावली चुवा ,दैहान, केशाल हर्राटोला ,पठान ढोड़गी,थैली टोला,दतरेंगा आदि गांव के कृषक सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें समिति के प्रभारी समिति प्रबंधक गणपत सिन्हा द्वारा वार्षिक आय व्यय की जानकारी को पढ़कर सुनाया गया । जिसको कृषक सदस्यों ने भूरी भूरी प्रशंसा की और ताली बजाकर स्वागत किया। जिसमें प्रमुख रूप से हिरेंद्र साहू मंत्री जिला किसान मोर्चा राजनांदगांव, जोशीलमती समिति का पुर्व अध्यक्ष तिलोचन साहू,पुर्व उपाध्यक्ष लोकनाथ साहू, कोमल साहू, तामेश्वर पटेल,मिलन चन्द्रवंशी, घनश्याम साहू , बालमुकुंद कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत गर्रापार, टेमन लाल साहू, ताजू राम चंद्रवंशी, सेवाराम साहू, उदय रामचंद्र वशी, सुखदेव राम साहू, भागवत कस्तूरे चंद्रभान को र्राम इंद्र कुमार चंद्रवंशी, प्रभारी समिति प्रबंधक गनपत सिन्हा मानसिंह साहू,इन्दू राम, संतोष कुमार, लोमनसिंह धुर्वे, मोहन साहू, लोकनाथ साहू ,मोती साहू, सनत साहू ,डॉक्टर जामवंत साहू, भगवान दास साहू,बीपत साहू, तुलसीराम सहित हजारों की संख्या में कृषक सदस्यगण उपस्थित रहे, आमसभा सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

## लायंस की कार्यकारिणी घोषित





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई लायन अध्यक्ष लायन दिलीप खंडेलवाल द्वारा नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन के रूप में लायन डॉक्टर आनंद वर्गीस को मनोनीत किया गया लायन आनंद वर्गीस द्वारा नॉमिनेशन कमेटी के अन्य सदस्य लायन प्रमोद बागड़ी लायन अशोक कोटडिया से चर्चा उपरांत प्रथम उपाध्यक्ष लायन नंदकिशोर खंडेलवाल जी को वर्ष 2024-25 हेतु लायंस क्लब ऑफ़ नांदगाव का अध्यक्ष नियुक्त किया गया द्य मनोनीत लायन अध्यक्ष लायन नंदकिशोर खंडेलवाल की सलाह व आपसी विचार विमर्श कर नयी कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें प्रथम उपाध्यक्ष के रूप में लायन राजेश कोटडिया तथा द्वितीय उपाध्यक्ष के रूप में लायन डॉक्टर सुदीप भट्टाचार्य सहयोग प्रदान करेंगे सचिव के रूप में लायन योगेश गुप्ता सहसचिव के रूप में लायन नवीन तिवारी कोषाध्यक्ष के रूप में लायन सी ए ऋषभ नाहटा सहकोषाध्यक्ष के रूप में लायन सी ए राहुल लालवानी,टेल ट्विस्टर संदीप सिंह, टेमर लायन दिनेश अग्रवाल अधिवक्ता, जनसंपर्क अधिकारी लायन अशोक श्रीवास्तव सदस्यता विस्तार चेयर पर्सन लायन ललित भंसाली ,क्लब सर्विस चेयर पर्सन लायन अशोक कोटडिया ,क्लब एडमिनिस्ट्रेटर की हैसियत से लायन डॉक्टर आनंद वर्गीस जी ,ऐलसीआई कोऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन प्रमोद बागड़ी जी, विजय अग्रवाल एवं विशेष अतिथि के रूप में लायन त्रिलोकचंद बरडिया व लायन डाक्टर पुखराज बाफना का नाम तय किया गया । उक्त सभी कार्यकारिणी व कार्यक्रम लायन अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ उक्त जानकारी पी आर ओ लाइन अशोक श्रीवास्तव द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में जारी की गई।

## कलेक्टर ने कौशल विकास प्राधिकरण, वार्षिक कार्ययोजना के संबंध में प्रशिक्षण संस्थानों के अधिकारियों की ली बैठक

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना के संबंध में प्रशिक्षण प्रदायकर्ता संस्थाओं के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के साथ ही अन्य प्रशिक्षण प्रदायकर्ता विभागीय अधिकारियों को वार्षिक कार्य योजना निर्धारित कर युवाओं को बहुयामी ट्रेडों में प्रशिक्षण देने कहा है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि रोजगार की सुनिश्चितता और अवसर उपलब्ध कराने वाले ट्रेडों में प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित करें। कलेक्टर ने वार्षिक कार्य योजना निर्धारित कर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं।



## प्राथमिक शाला कोहका में शिक्षकों की मांग को लेकर ग्राम वासियों और पालकों ने स्कूल में ताला जड़ा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव से 2 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम कोहका के शासकीय प्राथमिक शाला में एक शिक्षक की मांग को लेकर गुस्साए ग्रामवासी और पालकों ने स्कूल में दोपहर को स्कूल बच्चों को छुट्टी देकर स्कूल में तालाबंदी कर दी गई है तालाबंदी होने के बाद हड़ कम मच गया था ग्राम कोहका के ग्रामीणों और पालकों ने 2023 में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव और संबंधित शिक्षा विभाग को लिखित आवेदन देकर दर्ज संख्या के आधार पर एक शिक्षक की मांग की गई थी परंतु ग्राम वासियों और पालको की मांग को लेकर अब तक कोई सुनवाई नहीं की गई बार-बार ग्रामवासी और पालकों ने आवेदन निवेदन करने के बाद एक राय होकर 11 जुलाई गुरुवार को सुबह स्कूली समय में गांव में कड़ा बंद त्यौहार मानकर सभी लोग स्कूल पहुंचे जहां पर दो शिक्षिका के भरोसे पूरी स्कूल चल रही थी दो शिक्षकों को स्कूली देखभाल में काफी परेशानी हो रही थी एक टीचर डाक विभाग लिखा पढ़ी कर हेड ऑफिस तक बीच-बीच में आना-जाना लगे रहती है प्राथमिक शाला में दर्ज संख्या 83 बच्चो की की है जो वर्तमान में नए सत्र में और बच्चो बढ़ने की संभावना बनी हुई है और यहां पर टीचर सिर्फदो ही नियुक्त किया गया है जबकि तीन टीचर की सक्त आवश्यकता है इस स्कूल में टीचर की कमी से बच्चों की पढ़ाई भी काफी प्रभावित हो रही है लंबे समय बाद ग्राम कोहका के शासकीय प्राथमिक शाला के पास एक बरगद पेड़ के नीचे ग्रामवासियों और पालकों तथा टीचरों की एक चौपाल लगाया गया था जिसमें दो घंटे तक शिक्षक की मांग को लेकर तिखी बहस चली इसी बीच संकुल प्रभारी जयकुमार गजभिए प्राथमिक शाला पहुंचा जहां पर ग्रामीणों से चर्चा किया गया तो उन्होंने एक शिक्षक की मांग को लेकर चर्चा की गई तभी गजभिए सर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को मोबाइल के माध्यम से प्राथमिक शाला की पूरी कहानी सुनाई परंतु बीईओ एक बैठक में होने के कारण संज्ञान में नहीं ले पाया इसके पूर्व



जनभागीदारी शाला विकास समिति द्वारा एक बैठक आयोजित कर एक प्रस्ताव कर शिक्षा विभाग को एक प्रस्ताव कॉपी भेज कर एक शिक्षक की मांग की गई थी परंतु शिक्षा विभाग डोंगरगांव से कोई भी जवाब नहीं आया ना ही अतिरिक्त टीचर की व्यवस्था की गई इसके पूर्व दो टीचरों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को भी प्राथमिक शाला में एक शिक्षक की कमी को बताई गई उसके बाद भी एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां पर एक टीचर की नियुक्ति नहीं हुई। बार बार आवेदन देने के बाद गुस्साए ग्रामीणों और पालकों ने एक होकर बरगद पेड़ के नीचे बैठक किया गया जिनमे ग्रामवासी ग्राम पटेल पालकों और टीचरों की उपस्थिति में गुस्साए ग्रामीणों ने एक स्वर में कहते हुए निर्णय लिया गया कि अब हम किसी भी अधिकारी को यहां की समस्या नहीं बताएंगे अब हम इस स्कूल में ग्रामीणों और पालकों की सर्वसम्मति से तालाबंदी कर एक शिक्षक की मांग करेंगे जब तक इस गांव में एक शिक्षक की नियुक्ति नहीं की जाती तब तक स्कूल में तालाबंदी करेंगे ग्रामवासियों और पलकों ने अपने-अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद करने का निर्णय भी ले लिया था यह कदम उठाने के बाद उपस्थित संकुल प्रभारी टीचरों और ग्रामीणों द्वारा स्थानीय एसडीएम मनोज कुमार मरकाम को मोबाइल पर प्राथमिक शाला में तालाबंदी की सूचना दी गई तभी एसडीएम ने तत्काल बीई ओ को शासकीय प्राथमिक शाला भेजा और समस्या का हल करने को कहा गया तभी बीईओ ने शासकीय प्राथमिक शाला कोहका पहुंचा तो स्कूल में तालाबंदी नजर आए तभी ग्रामीणों और पालकों से चर्चा किया गया तो तत्काल एक टीचर की व्यवस्था करने को कहा गया सभी ग्रामीणों के बीच में ने वैकल्पिक व्यवस्था कर मिडिल स्कूल से एक टीचर शिक्षिका पदमिनी रावटे को अटैच किया गया है परंतु ग्रामवासियों और पालकों ने एक स्वर में बाई बीईओ के सामने ही कहा इस गांव में एक शिक्षक ही होना और वह भी इस गांव से नहीं दूसरे गांव से नियुक्त होना चाहिए।

## धर्म समाचार....

# देवशयनी एकादशी 17 जुलाई को भगवान विष्णु करेंगे विश्राम और शिव जी करेंगे सृष्टि का संचालन

अभी आषाढ़ मास चल रहा है और इस मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी का महत्व काफी अधिक है, क्योंकि इस तिथि से भगवान विष्णु विश्राम करते हैं और शिव जी सृष्टि का कार्यभार संभालते हैं। इसी दिन से चातुर्मास शुरू हो जाते हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक चातुर्मास में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ जैसे शुभ कार्य के लिए मुहूर्त नहीं रहते हैं। चातुर्मास 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर खत्म होंगे। जानिए चातुर्मास से जुड़ी मान्यताएं... देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु करीब 4 महीनों तक योग निद्रा में रहते हैं। इसके बाद शिव जी सृष्टि का संचालन करते हैं। विष्णु जी पंचदेवों में से एक हैं और मांगलिक काम की शुरुआत पंचदेव पूजा से ही होती है, चातुर्मास में विष्णु जी विश्राम करते हैं और वे हमारे शुभ काम में उपस्थित नहीं हो पाते हैं, इस वजह से देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक मांगलिक कामों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं। चातुर्मास में भगवान विष्णु और उनके अवतारों की पूजा खासतौर पर करनी चाहिए। पूजा-पाठ के साथ ही विष्णु जी की कथाएं पढ़ें-सुनें। आप चाहें तो श्रीमद् भागवत कथा, विष्णु पुराण का पाठ कर सकते हैं। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। सूर्य को जल चढ़ाने के साथ दिन की शुरुआत करनी चाहिए। इसके लिए तांबे के लोटे में जल भरें और ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करते हुए सूर्य को जल चढ़ाएं। अभी बारिश के दिन हैं और अगर सुबह सूर्य देव के दर्शन नहीं हो रहे हैं तो पूर्व दिशा की ओर मुंह करके सूर्य का ध्यान करते हुए जल अर्पित करना चाहिए। भगवान शिव को जल और दूध चढ़ाना चाहिए। शिवलिंग चंदन का लेप करें। बिल्व पत्र, आंकड़े के फूल, हार-फूल से शिवलिंग का श्रृंगार करें। धूप-दीप जलाएं। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। शिव जी की पूजा के साथ शिव जी की कथाएं, शिवपुराण का पाठ भी कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों धन, अनाज, कपड़े, जूते-चप्पल, छाते और खाने का दान करें। किसी गौशाला में गायों की देखभाल के लिए धन का दान करें। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप बालगोपाल का पंचामृत से अभिषेक करें। अभिषेक के बाद भगवान को पीले चमकीले वस्त्र अर्पित करें। हार-फूल से श्रृंगार करें। तुलसी के साथ माखन-मिश्री का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। श्रीकृष्ण की पूजा में कृं कृष्णाय नमः, राधाकृष्ण मंत्र का जप करना चाहिए। हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं और सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करें। श्रीरामचरितमानस का अपने समय के अनुसार पाठ कर सकते हैं। हनुमान जी के सामने राम नाम का जप भी सकते हैं।



## कैसा होता है शरीर पर छिपकली का गिरना, जानिए क्या कहता है शकुन शास्त्र

छिपकली के शरीर पर गिरने से कोई भी डर सकता है लेकिन शकुन शास्त्र की मानें तो इसका एक खास अर्थ होता है। साथ ही शकुन शास्त्र में यह भी बताया गया है कि छिपकली के शरीर पर अलग-अलग अंग पर गिरने से व्यक्ति को अलग-अलग संकेत मिल सकते हैं तो चलिए जानते हैं कि शरीर के किस अंग पर छिपकली का गिरना क्या संकेत देता है। शकुन शास्त्र असल में प्रकृति के संकेतों से प्राप्त शुभ या अशुभ घटनाओं को दर्शाने वाले संकेत होते हैं, जो हमें बताते हैं कि इन संकेतों का हमारे भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। शकुन शास्त्र में रोजमर्रा के जीवन में मिलने वाले कुछ ऐसे संकेतों के बारे में बताया गया है, जो भविष्य के बारे में शुभ या फिर संकेत दे सकते हैं। छिपकली का शरीर पर गिरना भी उन्हीं में से एक है।




**छिपकली के गिरना शुभ या अशुभ-** शकुन शास्त्र के अनुसार, अगर आपके शरीर पर छिपकली गिर जाती हैं, तो इसे एक शुभ संकेत माना जाता है। यह व्यक्ति को धन लाभ और सम्मान प्राप्ति का संकेत देता है। इसका एक अर्थ यह भी माना जाता है कि जल्द ही व्यक्ति का भाग्योदय होने वाला है। वहीं अगर किसी व्यक्ति के पेट पर छिपकली गिरती है, तो इसका अर्थ माना जाता है कि आपको किसी आभूषण की प्राप्ति हो सकती है।

**मिलते हैं ये संकेत-** शकुन शास्त्र में माना गया है कि यदि किसी व्यक्ति के गर्दन पर छिपकली गिरती है, तो इससे उस व्यक्ति के यश में वृद्धि हो सकती है। वहीं दाएं हाथ पर छिपकली गिरने का अर्थ है कि उस व्यक्ति को धन लाभ होने वाला है। शकुन शास्त्र में यह भी माना गया है कि दाहिने कंधे पर छिपकली गिरने से व्यक्ति का रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

**इन अंगों पर गिरना है अशुभ-** किसी व्यक्ति के बाएं हाथ पर छिपकली गिरना शुभ नहीं माना जाता। इसी प्रकार बाएं कंधे पर गिरना भी अच्छा नहीं माना जाता है। इसका अर्थ है कि आपके दुश्मन बढ़ सकते हैं।

# शहादत को सलाम



## कोरकोट्टी मदनवाड़ा के शहीदों को शत्- शत् नमन...

शहीद दिवस - 12 जुलाई 2024

श्रद्धांजलि कार्यक्रम- समय प्रातः 9 बजे

स्थान - रक्षित केन्द्र, राजनांदगांव

कर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों...
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों...



**शहीद श्री विनोद चौबे**

तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव

थाना परिवार
कोतवाली, राजनांदगांव

थाना परिवार
बसंतपुर, राजनांदगांव

थाना परिवार
चिखली, राजनांदगांव

थाना परिवार
लालबाग, राजनांदगांव

थाना परिवार
सोमनी, जिला- राजनांदगांव

एक शुभचिंतक
चौकी- सुरगी, जिला-राजनांदगांव

थाना परिवार
डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव

थाना परिवार
डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव

थाना परिवार
बागनदी , जिला- राजनांदगांव

यातायात विभाग
राजनांदगांव

रक्षित केन्द्र
राजनांदगांव

## स्थान- पुलिस लाईन, मंगल भवन, राजनांदगांव

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com